पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया

लखनऊः 10 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में स्थापित वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया तथा राजभवन के 73 उद्यान कर्मियों को पुरस्कृत भी किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि जैविक खेती के क्षेत्र में राजभवन उद्यान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट शेड का निर्माण से पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण भी किया जा सकता है। जैविक वर्मी कम्पोस्ट खाद से जमीन की उर्वरकता को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए ताकि किसान इसका व्यवसायिक तौर पर प्रयोग कर सकें।

श्री नाईक ने कहा कि राजभवन में स्थापित वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के माध्यम से 540 कुन्तल वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण होगा तथा उसका उपयोग राजभवन उद्यान के प्रयोग में लाया जा सकेगा। इस कम्पोस्ट खाद से राजभवन में प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख रूपये से ज्यादा की खाद खरीद व्यय पर बचत होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजभवन में पिछले वर्ष स्थापित आर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर तथा नवनिर्मित वर्मी कम्पोस्ट शेड की स्थापना प्रदेश के शहरी नागरिकों एवं किसानों के लिए दिशा दर्शक का काम करेगा।

राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि राजभवन में स्थापित वर्मी कम्पोस्ट शेड का निर्माण कास्ट ओवर रन और टाईम ओवर रन पर ध्यान देने से तय समय सीमा के अन्दर हुआ और अतिरिक्त बजट की आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने कहा कि इस कार्य की अनुमानित लागत 10.14 लाख थी। शेड का कार्य 3 नवम्बर, 2015 को प्रारम्भ हुआ और लगभग सात माह के अन्दर इसका उद्घाटन हो गया। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के अन्दर काम होने से 0.78 लाख रूपये की बचत भी हुई।

इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर सहित राजभवन के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (178/13)

वर्मी कम्पोस्ट यूनिट
राजभवन

माननीय श्री राम नाईक
राज्यपाल, उ०प्र०
के कर कमलों द्वारा राजभवन उत्तर प्रदेश उद्यान
विभिन्न पुष्प प्रदर्शनियों से प्राप्त
पुरस्कारों का वितरण
राजभवन, लखनऊ
10 मई, 2016

माननीय श्री राम नाईक
राज्यपाल, उ०प्र०